खाटूवाले श्याम बिहारी | By Tejaswini Ingale

खाटू वाले श्याम बिहारी
कलिकाल में तेरी महिमा है न्यारी

हारे हुओ का तुम हो सहारा
कहलाये जग में प्रभु कष्टहारी
मैं भी शरण में तुम्हारी पड़ा हूँ
तारो ना तारो है मर्ज़ी तुम्हारी

मेरे ह्रदय का अरमान है ये
निगाहों में बस जाए सूरत तुम्हारी
आठो पहर मैं तुम्हे ही निहारु
बातें करू तो करू मैं तुम्हारी

हमें प्रीत तुमसे हई श्याम प्यारे
तुम्हे प्रीत भाई तो होगी हमारी
माया में लिपटे हुए जीव हम हैं
दया की नज़र हमपे करना मुरारी

जब भी जनम लूँ बनु दास तेरा
सेवा में अपनी लगाना बिहारी
नंदू ह्रदय कुञ्ज में गूँज गूंजे
श्री राधे श्री राधे श्री राधे प्यारी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%bf%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%80-by-tejaswini-ingale/